दिन– शनिवार दिनांक– 28 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की तैयारियों की समीक्षा की।

02 राज्य सरकार ने कहा– हड़ताल पर चल रहे राजस्व सेवा के अधिकारियों की जगह सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों और कानूनगो को भी अंचलों का प्रभार सौंपा जायेगा।

03. केंद्र सरकार ने दरभंगा एम्स निर्माण के लिए सात सौ करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश। मौसम विभाग ने आज भी कई स्थानों पर धूलभरी आंधी और बारिश का पूर्वानुमान जताया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच सरकार की प्राथमिकता नागरिक हितों की रक्षा है। श्री मोदी ने यह बात राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और उप–राज्यपालों के साथ वर्चुअल माध्यम से हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। ब्यौरा हमारी संवाददाता कनकलता से––

———रिपोर्ट———

———————————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि पश्चिम एशिया में तनाव के बावजूद भारत में दैनिक जीवन पर कोई असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि देश ने इस संकट का प्रभावी ढंग से सामना किया है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच भारत ने पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों पर लगभग शून्य प्रभाव के साथ स्थिर आपूर्ति बनाए रखी है।

———बाइट ———

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि हड़ताल पर चल रहे राजस्व सेवा के अधिकारियों की जगह सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों और कानूनगो को भी अंचलों का प्रभार सौंपा जायेगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी जिलाधिकारियों को विभाग के अपर मुख्य सचिव ने पत्र जारी कर दिया है। एक अप्रैल से नई व्यवस्था प्रभावी होगी।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने दरभंगा एम्स निर्माण के लिए सात सौ करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की है। पच्चीस मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में पूर्व में स्वीकृत एक हजार दो सौ चौंसठ करोड़ के अतिरिक्त सात सौ करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि केन्द्र सरकार के इस फैसले से दरभंगा एम्स के निर्माण को गति मिलेगी।

———————————————————————

पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अब रात्रि में भी विमान परिचालन सेवा की शुरूआत होगी। ग्रीष्मकालीन समयसारणी के अनुसारएक निजी कम्पनी का विमान पुणे से आज रात दो बजे पटना पहुंचेगा और आज ही रात दो बजकर पचपन मिनट पर पुणे के लिए उड़ान भरेगा। गौरतलब है कि चार वर्ष के बाद रात्रि में पटना से विमान सेवा की शुरूआत हो रही है।

———————————————————————

दरभंगा हवाई अड्डे ने यात्रियों की संख्या के मामले में सत्तावन प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। ताजा आंकड़ों के अनुसार चालू वित्तीय वर्ष के फरवरी महीने तक हवाई अड्डे से सात लाख ग्यारह हजार यात्रियों ने आवागमन किया। वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस में यह संख्या साढ़े चार लाख से अधिक थी। यात्रियों की संख्या में मामले में दरभंगा हवाई अड्डा ने पटना और गया हवाई अड्डा को काफी पीछे छोड़ दिया है।

———————————————————————

राज्य सरकार बांस के उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए मधेपुरा में बांस का क्लस्टर स्थापित करेगी। उद्योग विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। मधेपुरा के बाद इस मॉडल का प्रयोग ऐसे अन्य क्षेत्रों में भी किया जाएगा, जहां बांस का व्यापक उत्पादन होता है।

———————————————————————

स्वास्थ्य विभाग ने बिहार परिचारिका संवर्ग के दो हजार एक सौ नब्बे स्टाफ नर्स का तबादला किया है। विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि स्थानांतरित स्टाफ नर्सों को अप्रैल महीने का वेतन नए पदस्थापित स्थल से ही मिलेगा।

———————————————————————

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को पिछले साल हुए हिंसक जेनजी प्रदर्शनों में कथित संलिप्तता के आरोप में आज सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी गिरफ्तारी बालेंद्र शाह के देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के एक

दिन बाद हुई है। पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को भी ओली के साथ हिरासत में लिया गया है।

———————————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज आंधी के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई है। इस दौरान कई जगहों पर ओलावृष्टि और वज्रपात की भी खबर है। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि तेज हवा के कारण जगह—जगह पेड़ और बिजली के खम्भे उखड़ गये। कई जगहों पर रेल परिचालन बाधित होने के भी समाचार हैं। इधर, आंधी —बारिश के कारण फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। आम और लीची की फसल की भी क्षति हुई है। हमारे पटना संवाददाता ने बताया कि पचास से सत्तर किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के कारण कई स्थानों पर घंटो बिजली आपूर्ति बाधित रही।

———साउंड बाईट———

पटना में देर रात तेज आंधी से राजापुर पुल, कंकड़बाग, दानापुर, पोलो रोड, रूपसपुर समेत अन्य इलाके में पेड़ टूटकर गिर गए। इससे आवागमन बाधित हो गया। कंकड़बाग, बोरिंग रोड, डाक बंगला, आयकर गोलंबर, आशियाना और दानापुर सहित कई इलाकों में तेज आंधी के कारण बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई। हालांकि, कुछ घंटे में विद्युत व्यवस्था बहाल कर दी गई। आंधी—बारिश के कारण फसलों को भी काफी क्षति हुई है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से सविता पारीक।

इधर, मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज भी राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश हो सकती है। अररिया, बांका, भागलपुर, कटिहार, किशनगंज और सुपौल जिले में कुछ स्थानों पर चालीस से पचास किलोमीटर की रफ्तार से धूलभरी आंधी चलने, आलोवृष्टि और वज्रपात की चेतावनी जारी की गयी है। साथ ही जमुई, खगड़िया, मधेपुरा, मुंगेर, पूर्णिया और सहरसा समेत राज्य के उत्तर—पश्चिम, उत्तर—मध्य, दक्षिण—पश्चिम और दक्षिण—मध्य भागों में भी धूलभरी आंधी चलने और वज्रपात का अलर्ट है।

———साउंड बाईट———

———————————————————————————

पटना में नीट छात्रा की मौत के मामले की जांच अब सीबीआई की दिल्ली टीम करेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच एजेंसी ने भ्रष्टाचार निरोधक इकाई, दिल्ली के पुलिस अधीक्षक को जांच की निगरानी का जिम्मा सौंपा है।

———————————————————————————

मधुबनी के जयनगर में विद्युत विभाग के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता मनोज कुमार रजक की नेपाल स्थित संपत्तियों की जांच होगी। आर्थिक अपराध इकाई ने इसके लिए इंटरपोल डेस्क से मदद मांगी है। पिछले सप्ताह ईओयू की छापेमारी में मनोज कुमार रजक के पास लगभग डेढ़ दर्जन अचल संपत्तियों की जानकारी मिली थी। इनमें नेपाल के काठमांडू और सुनसरी में भी अचल संपत्तियों का पता चला था।

---

पटना के आलमगंज और रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र से पुलिस और जिला आसूचना इकाई की टीम ने करोड़ों रूपये मूल्य के मादक पदार्थ और नशीले इंजेक्शन की खेप के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार भी बरामद किये गये हैं।

---

गया एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क विभाग और सीआईएसएफ की टीम ने एक व्यक्ति को पांच किलो विदेशी गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक उत्तर प्रदेश के गोरखपुर का रहने वाला है। वह थाई विमान से गया एयरपोर्ट पहुंचा था।

---

सारण जिले के मांझी प्रखंड के मटियार गांव में सरयू नदी के कछार में डूबने से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई। वहीं, वैशाली जिले गनियारी गांव और राघोपुर पश्चिमी पंचायत में डूबने से तीन लड़कियों की मौत हो गई।

---

आईपीएल क्रिकेट का उन्नीसवां सत्र आज से बेंगलुरु में शुरू हो रहा है। उद्घाटन मैच में मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। यह मुकाबला शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। दो महीने चलने वाला यह टूर्नामेंट इकतीस मई तक चलेगा।

---

रांची के खेल गांव में आयोजित 28वीं सब जूनियर नेशनल सेपक टाकरा प्रतियोगिता के अंतिम दिन बालिका वर्ग में बिहार की टीम ने क्वार्ड इवेंट में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

---

खगड़िया के नवगछिया के रेलवे स्पोर्ट्स ग्राउंड में आयोजित चौथी बिहार राज्य गोल्ड कप बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में बेगूसराय, सीवान, मधेपुरा और मेजबान नवगछिया की टीमों ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– पश्चिम एशिया की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्रियों से वार्ता में प्रधानमंत्री ने नागरिक हितों को बताया सर्वोपरि, कहा– देश में नहीं लगेगा लॉकडाउन, टीम इंडिया की तरह मिलकर काम करे राज्य।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– पेट्रोल–डीजल के दाम में इजाफा नहीं होगा। केन्द्र सरकार ने पेट्रोल–डीजल पर दस–दस रूपये उत्पाद शुल्क घटाया।

दैनिक जागरण लिखता है– नीतीश कुमार तीस को देंगे विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन आज दे सकते हैं विधानसभा से त्यागपत्र।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– डेंगू, निमोनिया के लिए तीन नये टीकों को मंजूरी।

राष्ट्रीय सागर के शब्द है– पीएनजी यूजर्स घर बैठे सरेंडर कर सकेंगे एलपीजी कनेक्शन। आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने रामनवमी से जुड़ी खबरों को सचित्र प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की तैयारियों की समीक्षा की।

02 राज्य सरकार ने कहा– हड़ताल पर चल रहे राजस्व सेवा के अधिकारियों की जगह सहायक बंदोबस्त पदाधिकारियों और कानूनगो को भी अंचलों का प्रभार सौंपा जायेगा।

03. केंद्र सरकार ने दरभंगा एम्स निर्माण के लिए सात सौ करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की।

04. और, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में तेज हवा के साथ बारिश। मौसम विभाग ने आज भी कई स्थानों पर धूलभरी आंधी और बारिश का पूर्वानुमान जताया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे से प्रसारित किया जाएगा। नमस्कार।